राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की ऑनलाइन समीक्षा बैठक
कोविड काल में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान की जाएगी चल बैजंती शील्ड
कोरोना महामारी को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर सेवा कार्य करें स्काउट–गाइड

– राज्यपाल

जयपुर, 29 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश के स्काउट–गाइड संगठन द्वारा कोविड काल में जन सेवा एवं कोरोना से बचाव के लिए किए जाने वाले उत्कृष्ट कार्यों के लिए चल बैजंती शील्ड प्रदान किए जाने की घोषणा की है। राज्यपाल श्री मिश्र ने गुरुवार को यहां राजभवन में राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड की समीक्षा बैठक को ऑनलाइन सम्बोधित करते हुए यह घोषणा की। स्काउट–गाइड द्वारा कोरोना रोकथाम के लिए जन चेतना, सेवा कार्य, जन सहयोग से कोविड नियंत्रण हेतु उल्लेखनीय कार्यों के लिए स्काउट–गाइड मंडल को यह चल वैजंती शील्ड प्रदान की जाएगी। यह शील्ड अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा व उदयपुर मण्डल स्थित जिलों की पांच हजार यूनिटों में कार्य करने वाले लगभग 1.50 लाख स्काउट गाइड द्वारा किए जाने वाले उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर दी जाएगी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने स्काउट–गाइड संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए कोरोना महामारी की दूसरी लहर को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय प्रशासन, पुलिस और चिकित्सा विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेवा कार्य करें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि स्काउट–गाइड कार्यकर्ता होम आइसोलेशन में रह रहे कोरोना संक्रमित मरीजों, निर्धन, असहाय, अकेले रह रहे लोगों और वृद्धजनों की भोजन, दवा आदि जरूरतों का ख्याल रखें तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी उठाएं। उन्होंने इस संगठन से जुड़े युवाओं से कोविड अस्पतालों में बेड की उपलब्धता और लोगों को आ रही परेशानियों का निस्तारण करवाने तथा आवश्यक फीडबैक सरकार तक पहुंचाने में सहयोग करने का भी आह्वान किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने वीसी के माध्यम से जुड़े स्काउट–गाइड पदाधिकारियों से संभागवार संवाद किया तथा उनके द्वारा कोविड–19 महामारी के दौर में किए जा रहे सेवा कार्यों और जागरुकता गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कोविड संक्रमितों को अस्पतालों में बेड उपलब्धता तथा टीकाकरण के लिए किये जा रहे प्रयासों का भी फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि स्काउट–गाइड ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह–समारोहों के दौरान मास्क लगाने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करें तथा जन चेतना के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े युवा जन अनुशासन पखवाड़े में लोगों को कोविड प्रोटोकॉल के उपयुक्त व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें, यह सुनिश्चित करें कि लोग बिना कार्य घर से बाहर नहीं निकलें, आपस में सुरक्षित दूरी बना कर रखें तथा कोई व्यक्ति बिना मास्क दिखाई दे तो उसे मास्क लगाने के लिए अनुरोध करें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजस्थान स्काउट–गाइड को सेवा कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिलने पर बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी की पहली लहर में इस संगठन ने मास्क, भोजन व खाद्य सामग्री के पैकेट वितरण के साथ स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर सेनेटाइजेशन में महती भूमिका निभाई है। कोरोना संकट के मौजूदा दौर में भी स्काउट–गाइड इसी प्रकार के राहत एवं सेवा कार्यों से आमजन में अपने प्रति विश्वास को बनाए रखें।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि युवा पीढ़ी को सुसंस्कारित बनाने, उनमें सेवा भाव जगाने तथा चुनौतियों का मुकाबला करने में उन्हें सक्षम बनाने के लिए राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड संगठन महत्वूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने नेशनल ग्रीन कोर योजना के अंतर्गत प्रदेश के 16 हजार 600 विद्यालयों में इको क्लब स्थापित करने, पशु–पक्षियों के चारा–पानी की व्यवस्था के लिए किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

ऑनलाइन बैठक के दौरान राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड संगठन के चीफ स्टेट कमिश्नर श्री जे.सी. महान्ति ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल श्री मिश्र ने उपस्थित पदाधिकारियों को संविधान की उद्देश्यिका तथा मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया।

समीक्षा बैठक में राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल सहित संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ऑनलाइन उपस्थित थे।

———————